प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- झामुमो का 46वां स्थापना दिवस समारोह धनबाद में, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन होंगी शामिल।
- आज विश्व कैंसर दिवस पर रांची में व्यापक स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी करेंगे उद्घाटन।
- झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की तैयारी तेज,आज शाम पुलिस अधिकारियों की होगी बैठक।
- लातेहार पुलिस ने नक्सली संगठन सुप्रीमो राजेश सिंह खरवार को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद।

********************

झामुमो का 46वां स्थापना दिवस धनबाद के गोल्फ मैदान में आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन शामिल होंगी। समारोह में मंत्री हफीजुल हसन समेत अन्य विधायक और पार्टी नेता भी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर में धनबाद पहुंचेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। भारी वाहनों की नो एंट्री लागू कर कुछ सड़कों को वन–वे किया गया है।

********************

रांची में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एनपी–एनसीपी के अंतर्गत राज्य में सामान्य कैंसर के व्यापक स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी आज रांची के नामकुम स्थित आईपीएच ऑडिटोरियम में इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग की पहल पर आयोजित किया जा रहा है।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में स्वीकृत नई झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 के तहत राज्य सरकार ने आज से नए स्टार्टअप आइडिया आमंत्रित करने की शुरूआत की है। इस उद्देश्य के लिए abvil.jharkhand.gov.in पोर्टल तैयार किया गया है, जहां एप्लिकेंट अपने स्टार्टअप आइडिया ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य 2028 तक झारखंड में एक हजार स्टार्टअप विकसित करना है। इसके साथ ही झारखंड को स्टार्टअप इकोसिस्टम में अग्रणी 10 राज्यों में शामिल करने का भी लक्ष्य रखा गया है।

********************

प्रदेश भाजपा ने सभी जिलों के लिए चुनाव अधिकारियों और सह चुनाव अधिकारियों की सूची जारी की है। हर जिले के लिए एक चुनाव अधिकारी और दो सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। भाजपा प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. प्रदीप वर्मा ने बताया कि यह पदाधिकारी संगठन पर्व के कार्यक्रमों को जिले में सफलतापूर्वक संपन्न कराएंगे।

********************

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक प्रयागराज के महाकुंभ पहुंचे और उन्होंने त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। हमारे संवाददाता ने बताया है कि भूटान नरेश अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर का भी दर्शन करेंगे।

********************

संसद भवन में बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ रांची के एससी–एसटी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई हैं। यह मामला 31 जनवरी 2025 को हुआ था जब सोनिया गांधी ने बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा और 27 मार्च तक चलेगा। बजट सत्र का सुचारू रूप से संचालन के लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय में आज शाम चार बजे पुलिस अधिकारियों की बैठक होगी। डीजीपी के आदेश पर आयोजित बैठक में आईजी अभियान, रांची जोनल आईजी, आईजी मुख्यालय, आईजी स्पेशल ब्रांच, रांची एसएसपी समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल होंगे।

********************

लोहरदगा जिला में जीरो ड्रॉपआउट के लिए किये गये प्रयास की स्टोरी को नीति आयोग ने देश में पहला स्थान दिया है।

********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं राज्यव्यापी अभियान में लातेहार पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने नक्सली संगठन संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो राजेश सिंह खरवार को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक पिस्टल और दो गोली भी बरामद की है। इस मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कुमार गौरव ने जानकारी दी कि आरोपी पर लातेहार और गुमला जिले में 12 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को उसकी कई दिनों से तलाश थी, और गिरफ्तार होने के बाद उससे महत्वपूर्ण जानकारी मिली है।

********************

साहिबगंज जिले के राजमहल में मटियाल नगर पंचायत के पास नवनिर्मित आउटडोर स्टेडियम का लोकापर्ण प्रसिद्ध फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया और हेल्प टूरिज्म संस्थापक सह सलाहकार राज बसु ने किया। इस अवसर पर राज बसु ने कहा कि झारखंड को एशिया का मॉडल बनाने का लक्ष्य है।

********************

संक्षिप्त खबरें

- हजारीबाग के इचाक प्रखंड में बैंक ऑफ इंडिया शाखा के पास एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लाखों रुपए के इलेक्ट्रॉनिक और हार्डवेयर सामान जलकर राख हो गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने लगभग 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।
- चतरा जिले में कल कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव बीपी पति ने पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया और अमृत वन और मियांबाकी प्लांटेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल के कोयला खदान क्षेत्रों में इको टूरिज्म को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता है।
- लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में सेन्हा गांव के पास दो ट्रकों की भीषण टक्कर में चालक रानू उरांव और खलासी अंकुल कुमार की मौत हो गई। दोनों ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर मोड़ के पास टकरा गए, जिससे वे वाहन में फंस गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से रेस्क्यू कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
- चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में भुनेश्वर साहू हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतक के पुत्र के बयान पर टीपीसी सुप्रीमो समेत 15 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। आरोपियों पर एनआईए केस में गवाही देने पर हत्या करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक विकास पांडे ने बताया कि संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया गया है।

********************